समाचार

# दो वार्डो को मिली सवा करोड़ रू. के विकास कार्यो की सौगात

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन)




कोरबा 11 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोन के दो वार्डो को सवा करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात आज दी गई। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज इन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 28 आर.पी.नगर फेस–1 कोसाबाड़ी कोरबा में 69 लाख 64 हजार रूपये की लागत से क्षमता विकास केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया है, आज राजेन्द्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा उक्त सर्वसुविधायुक्त भवन का लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 31 में कनौजिया राठौर समाज के लिए विधायक मद से 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसका भूमिपूजन भी उनके हाथों सम्पन्न किया गया। वार्ड क्र. 31 के दादरखुर्द अंतर्गत दैहानपारा में 36 लाख 70 हजार रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य कराया जाना हैं, वहीं वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द मेन रोड से निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों तक 09 लाख रूपये की लागत से रोड डामरीकरण का कार्य भी किया जाना हैं, इन दोनों डामरीकरण कार्यो का भूमिपूजन आज सम्पन्न किया गया।

<u>जारी रहेगी कोरबा की विकास यात्रा</u> – इस अवसर पर दिए गए संबोधन में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह से विगत पांच वर्षो के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा कोरबा में विकास को गति एवं दिशा दी गई है तो निश्चित रूप से आगे भी कोरबा की यह विकास यात्रा जारी रहेगी। उन्होने कहा कि कोरबा के विकास के लिए न तो इच्छा शक्ति की कमी रहेगी और न ही धनराशि की कमी होने दी जाएगी, विगत पांच वर्षो के

दौरान निगम ने बड़े–बड़े जनहितैषी निर्णय लिए हैं तथा उनकी क्रियान्वयन कराया है, वह चाहे आवासीय भवनों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड करने का निर्णय हों या सम्पत्तिकर को कम करके क्षेत्र की जनता को राहत देने की बात हो। उन्होने कहा कि आज नगर निगम क्षेत्र के दूरदराज के क्षेत्रों तक स्थित गांव–गांव में सड़क, स्ट्रीट लाईट, पानी, बिजली सुविधा जैसी महत्वपूर्ण मौलिक सुविधाएं पहुंचा दी गई है, लोगों की बरसों की समस्याएं दूर कर दी गई हैं, आगे जो थोड़े बहुत कार्य बचे होंगे, समस्याएं बची होंगी, उन पर भी कार्य होगा तथा कोरबा नगर निगम क्षेत्र को समस्याविहीन नगर निगम क्षेत्र बनाया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस अवसर पर बताया कि नगर निगम के सभागार हेतु मैंने मंत्री मद से 05 करोड़ रूपये की स्वीकृति दे दी है, स्वीकृत का पत्र भी भेजा चुका है, अब इसके लिए शीघ्र निविदा की कार्यवाही होगी तथा एक सर्वसुविधायुक्त सभागार निगम कार्यालय में बनेगा।

<u>मुख्यमंत्री की घोषणा पर होगा शीघ्र अमल</u>– राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि 12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जी के कोरबा प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की उपस्थिति में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोरबा में मेडिकल कालेज की घोषणा एवं कोरबा को विभिन्न दिशाओं से जोड़ने वाले मुख्य मार्गो के निर्माण की घोषणा की गई थी, मुख्यमंत्री जी की इन महत्वपूर्ण घोषणाओं पर शीघ्र अमल होगा तथा इनका लाभ समस्त कोरबावासियों को मिलेगा।

<u>राजस्व मंत्री व महापौर के प्रति आभार</u>– इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने कहा कि नगर निगम के सभागार के लिए मंत्री जी द्वारा 05 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है, निश्चित रूप से इस राशि से निगम का सर्वसुविधायुक्त सभागार बनेगा, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करता हॅू। उन्होने कहा कि कनौजिया राठौर समाज के लिए अपने विधायक मद से उन्होने 10 लाख रूपये की राशि प्रदान की है, जिसके लिए मैं धन्यवाद देता हॅू। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्ड क्र. 28 को क्षमता विकास केन्द्र भवन के रूप में यह महत्वपूर्ण सौगात देने के लिए राजस्व मंत्री व महापौर को धन्यवाद देती हॅू। निगम क्षेत्र के सभी वार्डो के साथ–साथ वार्ड क्र. 28 के विकास के लिए भी राजस्व मंत्री एवं महापौर कृतसंकल्पित है, यहां के बचे हुए विकास कार्य शीघ्र पूरे होंगे, उन्होने इस मौके पर उद्यान निर्माण की मांग रखी, जिस पर बताया गया कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा वार्ड 28 में उद्यान निर्माण हेतु 51 लाख रूपये का प्रस्ताव तैयार कराया जा चुका है।

लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा, एम.आई.सी.सदस्य दिनेश सोनी, देवीदयाल सोनी, पार्षद मनहरण लाल राठौर, गीता महंत, प्रदीप राय, विनीता द्विवेदी, पूर्व सभापति संतोष राठौर, श्यामसुंदर सोनी, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सपना चौहान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर व अर्चना उपाध्याय, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, शाहिदा कुरैशी, कुसुम द्विवेदी, निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, एन. के.नाथ, तपन वितारी, देवेन्द्र स्वर्णकार, पीयूष राजपूत, जिम्मी अग्रवाल, संतोष लांझेकर, संजय साह, ममता अग्रवाल, नरसिंहाराव, मोना जायसवाल, नंदकिशोर साव, एम.आर.साहू, विजय राठौर, उधवलाल राठौर, सहसराम राठिया, जीवन पटेल, महावीर जायसवाल आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।